## एक नजर में

### अन्नकूट महोत्सव का आयोजन



**राणापुर** . काली नदी शंकर हनुमान मंदिर राणापुर में महाआरती महाप्रसादी का आयोजन ,,, निज प्रतिनिधि,,, राणापुर में काली नदी पर स्थित शंकर हनुमान मंदिर सोमवार कोमहा आरती महाप्रसादी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रखा गया है सभी धर्म प्रेमी भक्तजन द्वारा बड़े भक्ति भाव और उमंग से अननुकुट महोत्सव का आयोजन किया गया ।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में जिलेवासी सहयोग करें : कलेक्टर



**आलीराजपुर** ।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 04 नवंबर 2025 से विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत घर घर गणना चरण के माध्यम से जिले के समस्त निवासी के निवास स्थल पर मतदाता सत्यापन अभियान का आज( 04 नवंबर) से प्रारंभ किया गया है। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे। इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरण का भौतिक सत्यापन करेंगे।निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के अंतर्गत घर-घर गणना चरण के तहत मतदाता सत्यापन अभियान प्रारंभ

**आलीराजपुर** ।मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोजन के निर्देशानुसार 4 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर गणना चरण के तहत मतदाता सत्यापन अभियान की प्रक्रिया जिले में प्रारंभ की गई। इस दौरान प्रेक्षक श्री शेखर वर्मा सेवानिवृत्त आईएएस ने संबंधित रजिस्?ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे एवं संबंधित बीएलओ के साथ आलीराजपुर नगर भ्रमण कर कई वार्डो में जाकर की जा रही कार्यवाही से आम जनों को अवगत कराया ।इस दौरान रजिस्?ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता,आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग करने के आग्रह की बात कही ।इस दौरान प्रेक्षक श्री वर्मा ने आम नागरिकों को अवगत कराया कि नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जांच तथा पुष्टि करें।जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म 6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके।इस दौरान संबंधित क्षेत्र के बीएलओ, सुपरवाईजर , सहित पटवारीगण भी मौजूद थे ।

### धरती माता बचाओ अभियान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन

**आलीराजपुर** ।विकासखंड जोबट की ग्राम पंचायत चमार बैगड़ा में धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी गई तथा उर्वरकों के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखने की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन को मंडी में बेचने, समर्थन मूल्य पर कपास के पंजीयन कराने एवं सॉइल हेल्थ कार्ड के आधार पर उर्वरक उपयोग करने की समझाइश दी गई। किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने हेतु भी प्रेरित किया गया ताकि पर्यावरण संरक्षण और भूमि की उर्वरता बनी रहे।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच श्री डूंडला कनेश, पंचायत सचिव श्री मेहताब सिंह डूडवे, पशुपालन विभाग से श्री शेर सिंह चौहान, पटवारी श्रीमती सुनीता चौहान एवं कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सरला मसानिया उपस्थित रहीं।

### मदरानी में साइकिल वितरण कार्यक्रम



**मदरानी**। मध्यप्रदेश सरकार की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आज पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मदरानी में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कलसिंह भाबर तथा भाजपा वरिष्ठ नेता मुकेश मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि — सरपंच तरेज जंगलसिंह, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मसूल डामोर, भाजपा मंडल मदरानी अध्यक्ष सोमेश भूरिया, महामंत्री राजेश चरपोटा, देमारा सरपंच अनिल भूरिया, नितेश कटारा, पांगला चारेल, गेंदाल डामोर एवं रसूल भूरिया — सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में संस्था प्रभारी प्राचार्य रमेश झनिया, प्रधानाध्यापक उदयसिंह सोलंकी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।अतिथियों ने इस अवसर पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और विद्यार्थियों से मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया

# नाबालिग चालक बेधड़क दौड़ा रहे दो पहिया वाहन

**झाबुआ.** ग्राम कालीदेवी में आज कल नाबालिग वाहन चालकों की संख्या में काफी इजाफा होते जा रहा है , उसका कारण है कालीदेवी पुलिस द्वारा नाबालिगों पर कोई कार्यवाही नहीं करना ।यहां रोजाना नाबालिग वाहन चालक इतनी तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल लेकर चलते है जिससे उनके स्वयं के साथ - साथ आम राहगीर जो पैदल चल रहे होते है उनकी भी जान का खतरा बना रहता है ।परंतु पुलिस प्रशासन द्वारा नाममात्र की चलानी कार्रवाई कर इन्हें छोड़ दिया जाता है ।कालीदेवी पुलिस द्वारा समय - समय पर वाहन चैकिंग प्वाइंट भी लगाया जाता है परंतु उसमे भी 15 - 20 चलानी कार्रवाई कर उक्त चैकिंग प्वाइंट को हटा दिया जाता है । कालीदेवी थाना हाईवे पर होने के बाद भी



नाबालिग मोटरसाइकिल चालक पर किसी प्रकार की कार्रवाई ना होने के कारण ये बेखौफ होकर घूमते रहते है जिससे इनके हौसले और बुलंद हो जाते है ।सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन नाबालिग वाहन चालकों को नियमो का भी ज्ञान नहीं होने के कारण सड़क हादसों में लगातार बड़ोतरी हो रही है । मेरा पुलिस अधीक्षक झाबुआ से अनुरोध है कि आप जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दे की जिले में जितने भी नाबालिग वाहन चालक चाहे वह 2 पहिया वाहन हो या 4 पहिया वाहन हो जहा भी नजर आए उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करे या उनके द्वारा उपयोग किया जा रहा वाहन को छुड़वाने के लिए न्यायालयिन प्रक्रिया का उपयोग करे ।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 9 वर्ष बाद गुम हुई बालिका सकुशल बरामद , परिजनों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**झाबुआ.** नाबालिग गुमशुदा बालक-बालिकाओं की पतारसी हेतु पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना राणापुर क्षेत्र के एक 9 वर्ष पुराने प्रकरण (वर्ष 2017) में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। झाबुआ पुलिस ने वर्ष 2017 में राणापुर बस स्टैंड से गुम हुई नाबालिक बालिका को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गुजरात के गोधरा से सकुशल दस्तयाब किया है। बालिका की दस्तयाबी पर पुलिस अधीक्षक झाबुआ द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही थी। उक्त बालिका की दस्तयाबी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, इंदौर (ग्रामीण रेंज) द्वारा ?20,000 के इनाम की घोषणा की गई थी ।बालिका के 9 वर्षों बाद सकुशल मिलने से परिजनों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए बालिका की सुरक्षित वापसी हेतु पुलिस का आभार व्यक्त किया।



प्रकरण की विवेचना अनुविभागीय अधिकार झाबुआ रूपरेखा यादव द्वारा की जा रही है। प्रकरण में उनि विपिन वर्मा, आर. राहुल वरवरनिया, म.आ. संगीता तथा साइबर टीम की सराहनीय भूमिका रही, जिनके समन्वित प्रयासों से यह सफलता संभव हो सकी।

# चौकी प्रभारी ने स्वयं और जन सहयोग से मिलकर 2 जगह लगवाए नाइट विजन कैमरे

## कालीदेवी थाने के माछलिया व ग्राम भुराडाबरा में जनसहयोग से लगाए

**झाबुआ . जिले के कालीदेवी थाने के माछलिया चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रामसिंह चौहान ने स्वयं के खर्च के साथ साथ जन सहयोग से मिलकर 2 जगह नाईट विजन कैमरे लगवाए । ग्राम भुराडाबरा स्थित शबरी गौशाला पर जनसहयोग से मिलकर 4 नाईट विजन कैमरे लगाए गए वही ग्राम माछलिया मैं बैतूल - अहमदाबाद नेशनल हाइवे 47 पर स्थित बायपास ब्रिज जिसे पुलिस द्वारा तिरंगा ब्रिज नाम दिया गया है वहा पर 2 नाईट विजन कैमरे एच डी क्वालिटी के ऑनलाइन सिस्टम वाले लगवाए गए ।**

चौकी प्रभारी ने बताया कि ब्रिज पर कैमरे लगवाने का मुख्य कारण रात्रि में ब्रिज के आस - पास यदि कोई घटना या वारदात होती है तो कैमरे की सहायता से घटना या वारदात को अंजाम देने वालो का पता आसानी से लगाया जा सकता है और इंदौर की तरफ से यदि कोई वाहन किसी



प्रकार का एक्सीडेंट करके झाबुआ की ओर आता है तब भी उस वाहन का पता चल सकता है या झाबुआ की ओर से कोई किसी प्रकार की घटना या वारदात को अंजाम देकर इस ब्रिज से होकर गुजरते है तब भी इन कैमरों की मदद से घटना या वारदात कारित करने वालो का आसानी से पता लगाया जा सकता है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन कैमरे में व्यक्ति का चेहरा रात्रि में अंधेरा होने के बाद भी बिलकुल साफ और स्पष्ट दिखाई देगा यह कैमरे नाईट विजन होने के साथ साथ ऑनलाइन सिस्टम से लैस है चौकी प्रभारी ने यह भी बताया कि माछलिया चौकी हाईवे के करीब 400 फिट अंदर होने के वजह से किसी वाहन का पता नही चल पाता है इसके लिए माछलिया चौकी प्रभारी स्वयं एवम चौकी पर पदस्थ सम्पूर्ण स्टाफ की मदद से चौकी के ठीक सामने हाईवे के दोनो ओर नाईट विजन कैमरे लगवाने वाले है ।



# नगरपालिका ने राजगढ़ नाका पर दुकानों के आगे लगे अस्थायी शेड, बोर्ड आदि हटाए

***कलेक्टर द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति में दिए गए निर्देश के बाद की गई कार्रवाई***

**झाबुआ।** पिछले दिनों कलेक्टोरेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें जिलाधीश नेहा मीना ने नगरपालिका एवं ट्रेफिक पुलिस को जिले की ट्राफिक व्यवस्था में सुधार लाने के साथ सड़कों पर पसरे स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को सख्ती से हटाने के निर्देश दिए गए।

जिसके परिपालन में नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं सीएमओ मिलन पटेल के निर्देशानुसार नपा अमले ने शहर के राजगढ़ नाका एवं अन्य स्थानों पर सड़क किनारे पसरे अस्थायी अतिक्रमण को सख्ती से हटवाया। राजगढ़ नाका पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर लगे शेड को जेसीबी मशीन से तुड़वाएं जाने के साथ दुकानों के आगे बोर्ड, वाहनों को भी सख्ती से हटवाया। राजगढ़ नाका पर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के साथ यह अभियान करीब एक से डेढ़ घंटे तक चलाया गया। इस संबंध में नगरपालिका सीएमओ मिलन पटेल ने बताया कि शहर को स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण मुक्त करने का यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रखा जाएगा।नगरपालिका द्वारा अपील की गई है कि दुकानदार स्वेच्छा से नालियों एवं सड़क के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटा ले, अन्यथा नपा द्वारा उन्हें जेसीबी मशीन से तोड़ने एवं सामान जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# शंकर की शिमला मिर्च से चमकी किस्मत



**आलीराजपुर । जिले के विकासखंड आलीराजपुर अंतर्गत ग्राम मालवई के किसान श्री शंकर पिता उदेसिंह आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। पहले वे परंपरागत खेती करते हुए अपने खेत में सोयाबीन की फसल लिया करते थे, जिससे उन्हें मात्र 25 से 30 हजार रुपये की आमदनी होती थी।**

उद्यान विभाग के अधिकारियों ने जब उन्हें शिमला मिर्च की आधुनिक खेती करने की सलाह दी तो शंकर ने इसे अपनाने का निश्चय किया।उन्होंने अपने 3 एकड़ खेत में आशा एफ-1 किस्म की शिमला मिर्च के 48,000 पौधे अगस्त माह में लगाए। इस पर ड्रिप सिस्टम, मल्चिंग, बीज, खाद एवं दवाइयों सहित लगभग 7 से 8 लाख रुपये का खर्च आया ।किसान श्री शंकर ने बताया कि अब तक उन्होंने शिमला मिर्च की 6 से 7 बार तुड़ाई कर जिले के आसपास की मंडियों में विक्रय किया जिससे लगभग 4 से 4.5 लाख रुपये की आमदनी प्राप्त कर चुके हैं और उन्हें उम्मीद है कि मार्च माह तक कुल 10 से 12 लाख रुपये की आय होगी। इस तरह उन्हें पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है।

उद्यान विभाग के सहायक संचालक श्री कैलाश चौहान ने बताया कि श्री शंकर की इस सफलता को देखकर आसपास के 50 से अधिक किसानों ने उनके खेत का भ्रमण किया है और वे भी आगामी सीजन में अपने खेतों में शिमला मिर्च लगाने की योजना बना रहे हैं ।शंकर की यह पहल न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार ला रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों को आधुनिक तकनीकी खेती अपनाने की प्रेरणा दे रही है। श्री शंकर ने किसानों को संदेश देते हुए कहा कि मेहनत और नवाचार से ही खेती में खुशहाली संभव है।

**एक नजर** — ग्राम तारखेड़ी के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# ग्राम पंचायत तारखेड़ी में हुआ भारी भ्रष्टाचार, ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**पेटलावद। ग्राम पंचायत तारखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पंच परमेश्वर योजना सहित कई सरकारी योजनाओं में हुए भारी भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी पेटलावद को एक लिखित आवेदन सौंपकर भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।**

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया कि ग्राम पंचायत तारखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ऐसे लोगों को आवास स्वीकृत किए गए हैं, जो पहले से पक्के दो मंजिला मकानों में रहते हैं या पंचायत पदों पर हैं — जैसे कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार, पटवारी, सरपंच और उपसरपंच। वहीं वास्तविक पात्र गरीब परिवारों को इस योजना से वंचित रखा गया है।



ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिन परिवारों के घरों में पहले से शौचालय बने थे, उनका जियो-टैग कर ठेकेदारों के माध्यम से फर्जी भुगतान कर लिया गया। पात्र हितग्राही आज भी इस योजना का लाभ नहीं पा सके हैं। इसी तरह पंच परमेश्वर योजना के अंतर्गत सीसी रोड, नाली निर्माण, स्टेशनरी, टेंट, मोटर पाइपलाइन आदि के फर्जी बिल बनाकर लाखों रुपये का दुरुपयोग किया गया है। साथ ही सामुदायिक भवन का घटिया निर्माण कर सरकारी राशि का गबन किया गया।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत में उपलब्ध प्रिंटर, कंप्यूटर, बैटरी, एलईडी जैसी सरकारी संपत्ति गायब है। पुराने पंचायत भवन को तोड़ने के बाद निकली सामग्री — जैसे लोहे के एंगल, दरवाजे, खिड़कियां, सरिए आदि — को भी सरपंच और सचिव द्वारा गायब करवा दिया गया है, जबकि नियमानुसार इनकी नीलामी या पुन: उपयोग किया जाना चाहिए था।

इसके अलावा, गरवाखेड़ी, तारखेड़ी और रणजीतपुरा में बने सार्वजनिक कुओं का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बावजूद इंजीनियर द्वारा रिश्वत की मांग के कारण अब तक मूल्यांकन नहीं किया गया, जिससे भुगतान अटका हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस संबंध में जनपद पंचायत पेटलावद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायत की गई थी, जिस पर जांच टीम गठित की गई थी, परंतु सरपंच-सचिव की मिलीभगत से जांच को दबा दिया गया। ग्रामीणों ने इस बार जन सुनवाई मे अनुविभागीय अधिकारी पेटलावदके नाम तहसीलदार को निष्पक्ष जांच टीम गठित करने और सभी योजनाओं की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### जनसुनवाई का आयोजन हुआ

**आलीराजपुर,** ।प्रति मंगलवार की तरह आज भी कलेक्टर कार्यालय के जनसुनाई कक्ष में जनसुनवाई का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रखर सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें कुल 25 आवेदकों आए।आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन मुख?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रखर सिंह ने प्राप्त किए ।इस दौरान सिंह द्वारा एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को इनके जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए । इस जनसुनवाई में श्री मिठु पिता धनसिंह जनपद कट्ठीवाड़ा के ग्राम आम्बी ने आवेदन दिया कि ग्राम चिचलाना में खरंजा एवं डेम निर्माण का कार्य जनवरी 2025 में किया था किन्तु आज दिनांक तक 15 मजदूरो की मजदूरी का भुगतान शेष हैं संबंधित से मजदूरी की मांग करने पर उनके द्वारा बिल एवं बजट के बहाने बनाये जाते है हमें हमारी मजदूरी का भुगतान कराया जाए ।इसी तरह से श्री मगन पिता मिसरी रावत ग्राम इन?दी ने आवेदन देकर बताया कि मेरे नाम से शासकीय योजना अंतर्गत 3 लाख रुपये कपिलधारा कुआं स्वीकृत किए गए थे उक्त राशि में से केवल 60 हजार रुपये का भुगतान किया गया है शेष 2 लाख 40 हजार रुपये राशि का भुगतान कराया जाए ।